तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 23 दिसंबर 2024

14 पीडब्लूडी 8 साल में नहीं बना पाया मात्र 500 मीटर सड़क...



13 पालक-शिक्षक मेगा बैठक में बच्चों के सर्वांगीण ...





## खबर संक्षेप

### टेंगना बरपारा में दो पक्षों में मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** ग्राम टेंगना बरपारा में दो पक्ष के चार लोगों के बीच मारपीट हो गई। गुरुर थाने में दोनों पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले में शुक्रवार को चार लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। ग्राम टेंगना बरपारा निवासी योगेश नेताम के अनुसार शुक्रवार को गांव की मड़ई थी। मेरे घर ग्राम उसरवारा, खर्रा से मेहमान आये थे, जो अपनी पहचान के भुनेश्वर निषाद के घर बैठने गये थे। जब मैं उन्हें बुलाने गया, तो वहां पर फगनु यादव एवं उसके लड़के का किसी के साथ विवाद हो रहा था, जिसे मना करने पर गाली देते हुए मारपीट की। वहीं, दूसरे पक्ष के राहुल यादव के अनुसार घर के सामने गली में योगेश नेताम पिता फगनु यादव से विवाद कर रहा था, जिसे मना किया तो गाली देते हुए मारपीट की। योगेश नेताम और उसके लड़के ने मुझे भी मारा है।

### ग्राम चिंगरी में महतारी वंदन सम्मेलन आज

**अंडा।** महिला एवं बाल विकास परियोजना दुर्ग ग्रामीण के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना की सफलता के उपलक्ष्य में महतारी वंदन सम्मेलन रखा गया है। परियोजना अधिकारी उषा झा ने बताया कि कार्यक्रम 23 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे ग्राम चिंगरी में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में दुर्ग कलेक्टर, दुर्ग ग्रामीण विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष व सभी जनपद सदस्य, सरपंच व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### ग्राम खप्परवाड़ा में रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता 25 को

**अंडा।** श्री गणपति नवयुवक क्लब ग्राम खप्परवाड़ा द्वारा ग्रामवासियों के सहयोग से 25 दिसम्बर को रात्रि 7 बजे से भव्य रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के लिए सामूहिक के लिए प्रवेश शुल्क 201 रूपए रखा गया है। प्रथम पुरस्कार 10000 रूपए एवं शील्ड, द्वितीय 5000 एवं शील्ड तथा तृतीय पुरस्कार 3000 एवं शील्ड तथा चतुर्थ 1500 रूपए एवं शील्ड प्रदान किया जाएगा। इसी तरह युगल नृत्य एवं एकल नृत्य के लिए भी आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं।

### ग्राम मोखा में क्रिकेट प्रतियोगिता 25 से

**गुरूर।** ग्राम मोखा गुण्डरापारा में 25 से 29 दिसंबर तक 5 दिवसीय ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन आदर्श नवयुवा क्रिकेट क्लब द्वारा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया है। समिति के अध्यक्ष टीकमचंद सिन्हा उपाध्यक्ष कमलेश गंजीर ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 10000 रूपये, तृतीय पुरस्कार 6000 रूपये एवं चतुर्थ पुरस्कार 3000 रूपये रखा गया है।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** शराब का अवैध कारोबार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि रात में पेट्रोलिंग और संदिग्धों की चेकिंग अभियान के तहत स्कुटी सीजी-07 सी.ई 3363 को रोका गया। चेक करने पर स्कुटी में पीले रंग की बोरी में 300 पौव्वा देशी प्लेन शराब मिला। पुलिस पूछताछ में युवक ने अपना नाम अर्जुन नगर रीता देवी का किराये का मकान वैशाली नगर निवासी हेमंत साहू बताया है। युवक ने शराब को बेचने के लिए रखना स्वीकार किया। आरोपी शराब कीमत 27 हजार, नगदी 4000 व स्कुटी 60 हजार रुपए की आंकी गई है। आरोपी से एक मोबाइल भी जब्त किया गया है।

**मौसम : रविवार सुबह गुरुर थाना व कंवर चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पेरपार में हुई दुर्घटना**

# कोहरे का कहर : सुबह की सैर पर निकले दो लोगों को चारपहिया ने रौंदा, एक की मौत, दूसरा घायल







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में ठंड बढ़ने के साथ ही घना कोहरा छाने लगा है। इस बीच घने कोहरे के कारण रविवार सुबह हुई एक सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य घायल हो गया। बालोद जिले में रविवार को कोहरे का कहर देखने को मिला।

- वाहन चालक ने कहा- कोहरे के कारण नहीं देख पाया लोगों को

मिली जानकारी के अनुसार मॉर्निंग वॉक पर निकले दो व्यक्तियों को दुग्धवाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना रविवार की सुबह लगभग 6 बजे गुरुर थाना व कंवर चौकी अंतर्गत पेरपार गांव की है।

वाहन चालक के अनुसार कोहरे के कारण मॉर्निंग वॉक पर निकले व्यक्ति नजर नहीं आए, जिससे दुर्घटना हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार हादसे में उदय राम पटेल 55 वर्षीय की मौत हो गई है और राजकुमार गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें धमतरी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद पुलिस जांच व कार्रवाई में जुट गई है।

### सुबह-शाम छाने लगा घना कोहरा, गति पर रखें नियंत्रण

सर्दी बढ़ने के साथ शाम व सुबह कोहरा के कारण वाहन के साथ पैदल व साईकिल चालकों को सड़कों पर चलने में भी काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि शाम व सुबह कोहरा के कारण दृश्यता इतनी कम हो जाती है, कि सामने से आ रही गाड़ियां दिखाई ही नहीं देतीं। इससे सड़क दुर्घटना के मामले सामने आने लगे हैं। जिले में सर्दी बढ़ने के साथ कोहरे ने रविवार और शनिवार को क्षेत्र को आगोश में ले लिया। सुबह 7 बजे तक तो शून्य दृश्यता बनी हुई थी। आसमान से ओस की बूंदें टपकती महसूस भी हो रही थीं। इसके बाद कोहरे का असर धीरे–धीरे कम होने लगा एवं सुबह 9 बजे तक कोहरा छंट पाया। सूरज निकलने के बाद ठंड से थोड़ी राहत महसूस हुई। इस दौरान दिन भर लोग गर्म कपड़ों से लदे नजर आए। वहीं, विशेषज्ञों का कहना है कि घने कोहरे के कारण दृश्यता कम हो जाती है, इसलिए सड़कों पर चलते समय वाहन की लाइट चालू रखें और गति बहुत कम होनी चाहिए, ताकि एकदम सामने भी अचानक कोई वाहन या पैदल यात्री या कोई अन्य वस्तु सामने आए, तो गाड़ी को नियंत्रित कर सकें। कोहरे के दौरान लोगों को तेज रफ्तार में वाहन नहीं चलाने की सलाह दी गई है।



### ठंड में भी सड़कों पर भटक रहे मानसिक रोगी

**बालोद।** जिले में कंपकंपाती ठंड के बीच विक्षिप्त व मानसिक रोगियों को सड़कों व दिन रात खुले आसमान में ठंड से कांपते आसानी से देखा जा सकता है। इन्हीं लोगों के नाम पर जिले में कई सामाजिक संस्थाएं व शासन द्वारा नियुक्त पैरालिगल वालेटियर कार्यरत हैं। लेकिन, जमीनी स्तर पर विक्षिप्त लोगों को ठंड से बचाने कोई प्रभावशाली पहल नहीं दिखाई दे रही है। जिले में ठंड का सितम जोरों पर है और लोग दिनभर स्वेटर में तो बिस्तर में जाने के बाद रजाई से निकलने के लिए भी सोचने को मजबूर रहते हैं, लेकिन जिले में कुछ ऐसे लोग भी हैं, जो विक्षिप्त हैं या मानसिक बिमारी का शिकार हैं वे सड़कों पर घूम-घूमकर या लोगों से भीख मांगकर अपना जीवन-यापन करने को मजबूर हैं।

### झलमला में दो बैरिकेड को दूर तक घसीटते ले गया ट्रक चालक

कोहरे का कहर ग्राम झलमला में भी देखने को मिला, जहां रविवार की सुबह लगभग 6.30 बजे अधिक कोहरा के कारण एक तेज रफ्तार ट्रक का चालक झलमला चौक के पास रोड के बीचों बीच रखे दो बैरीकेट को भी नहीं देख पाया और उन्हें, घसीटते हुए लगभग आधा किलोमीटर दूर तक ले गया। टक्कर से बैरीकेट क्षतिग्रस्त हो गया है, जिन्हें ग्रामीणों की मदद से यथावत रखा दिया गया। हालांकि, इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

### 10 दिनों से छा रहे हैं कोहरे, सावधानी जरूरी

मौसम विभाग के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री व न्यूनतम तापमान 14 डिग्री रहा। शनिवार की तुलना में अधिकतम व न्यूनतम तापमान स्थिर रहा। वहीं, अगले 10 दिनों की स्थिति में सुबह सूर्योदय के दौरान हल्का कोहरा छाए रहने का अनुमान जताया गया है।



# पीड़ित परिवार से मिले सांसद भोजराज नाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा/गुण्डरदेही

क्षेत्र में बढ़ते धर्मांतरण के बीच बीते गुरुवार को अर्जुन्दा नगर में गजेंद्र सूरज देवांगन पिता चंद्रशेखर देवांगन के आत्मदाह की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है।

- कहा- आत्मदाह के लिए मजबूर युवक को इंसाफ दिलाने का करेंगे प्रयास

जवान बेटे की मौत के बाद पूरा परिवार शोक स्तब्ध है। घटना की जानकारी मिलने पर रविवार शाम कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग, जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू, महामंत्री चेमन देशमुख, कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा, जिला उपाध्यक्ष नरेश यदु, अश्वनी यादव, जिला पंचायत सदस्य मोंटी यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वास जीतू गुप्ता, पुर्व मंडल अध्यक्ष प्रणेश जैन ने मृतक के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया और आत्मदाह करने वाले युवक को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए सांसद भोजराज नाग ने कहा कि क्षेत्र में लगातार हिंदुओं को खंडित करने का काम जारी है, जिसे रोकने के लिए हमारे अन्य संगठन लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि हम आने वाले समय में इसके लिए ठोस कदम उठाने ▶▶| शेष पेज 12 पर

# धर्मांतरण के विरोध में सर्व हिंदू संगठन ने निकाली आक्रोश रैली, किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

धर्मांतरण के विरोध में आक्रोश रैली निकालकर सर्व हिंदू संगठन गुण्डरदेही ने पुलिस अधीक्षक के नाम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। क्षेत्र के आसपास हो रहे अवैध धर्मांतरण एवं अवैधानिक कार्य करने वालों पर उचित कानूनी कार्रवाई कर अवैधानिक कार्य को पूर्ण रूप से बंद करवाने की मांग की।

- पुलिस अधीक्षक के नाम सौंपा ज्ञापन

हिंदू संगठन के वक्ताओं ने कहा कि हिंदू धर्म समाज के लिए नासूर बन रही अवैध प्रार्थना सभा रुकने का नाम नहीं ले रही है। शासन प्रशासन की मनाही के बावजूद यह लोग सुधारने का नाम नहीं ले रहे हैं। जिले में ऐसे अनेक गांव हैं, जहां यह लोग भोले भाले लोगों को बहला फुसलाकर पुरानी बीमारी ठीक होने का और पैसों का लालच देकर हिंदू धर्म समाज के लोगों को ईसाई धर्म में धर्म परिवर्तन कर उनका धर्मांतरण का गोरख धंधा चल रहे हैं। इसके विरोध में रविवार को विश्व हिंदू संगठन बजरंग दल व सर्व हिंदू समाज द्वारा आक्रोश रैली निकालकर धर्मांतरण करने वालो और गांव–गांव में अवैध रूप में प्रार्थना सभा का आयोजन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि गुण्डरदेही, अर्जुंदा, रंनचिरई थाना क्षेत्र अंतर्गत हो रहे अवैध कार्य करने वालों पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए।

ज्ञापन में कहा गया है कि गुण्डरदेही क्षेत्र में बढ़ते धर्मांतरण के कारण नगर पंचायत अर्जुंदा में एक युवक को आत्महत्या करने की नौबत आ गई। उन्होंने आरोप लगाया है कि समय रहते शासन प्रशासन द्वारा युवक के आवेदन पर कार्यवाही नहीं करने के कारण धर्मांतरण करने के दबाव के कारण उन्हें आत्महत्या करनी पड़ी। उन्होंने मामले में दोषियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

ईसाई धर्म के अनुयाई द्वारा स्थानीय पत्रकार चंदन पटेल पर जानलेवा हमला किया गया, उस पर भी कार्रवाई की जाए। ग्राम ओटेबंद में स्वरचित कहानी गढ़कर बजरंग दल के कार्यकर्ता पंकज साहू पर एफआईआर की गई है, उसे वापस लिया जाए। गुण्डरदेही, अर्जुंदा, रनचिरई थाना अंतर्गत अवैध शराब जुआ सट्टा तत्काल बंद किया जाए। क्षेत्र के ग्राम मुंदेरा, तिलोदा, कलंगपुर, चराचार, गुडरदेही नगर ▶▶| शेष पेज 12 पर

## देऊरतराई-सिवनी पहुंच मार्ग पर पुलिया टूटी, ग्रामीणों ने की नवनिर्माण की मांग



**बालोद।** ग्राम देऊतराई के ग्रामीणों ने नवीन पुल निर्माण कराने की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम देऊरतराई से सिवनी पहुंच मार्ग के बीच में पुलिया बनी थी, जो कि तांदुला नहर का गेट खोलने से उलट पानी में टूट गई है। विगत 02 वर्षों से पुलिया टूटी हुई है, जिसकी जानकारी ग्राम पंचायत और सिंचाई विभाग को दी जा चुकी है। फिर भी पुलिया का नवीन निर्माण नहीं हो पाया। इसके कारण लोग टूटी हुई पुलिया से जान जोखिम में डालकर आना-जाना कर रहे हैं। इसके कारण दो-तीन बार दुर्घटना हो चुकी है। ग्रामीणों ने कहा कि बच्चे पढ़ाई करने के लिए इसी पुलिया को पार कर स्कूल जाते हैं। इससे हमेशा खतरा बना रहता है। वहीं, इससे बचने के ▶▶| शेष पेज 12 पर

- देऊतराई के ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद द्वारा विकासखंडस्तर पर किया गया आयोजन**

# गीतांजलि व भाविका ने जीती विज्ञान अनुसंधान क्विज

- तीन चरणों में आयोजित प्रतियोगिता में विकासखंड के विद्यालयों से 16 टीमें हुईं शामिल
- परमेश्वरी और लेसिका गोस्वामी को मिला दूसरा पुरस्कार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

इस वर्ष राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद द्वारा छात्राओं में विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में रुचि को बढ़ाने के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विकासखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य प्रदीप मेश्राम और विभिन्न स्कूलों से आए प्रभारी शिक्षकों ने छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर आरंभ किया गया। कार्यक्रम में लगभग 15 स्कूलों के दो-दो विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता तीन चरणों में आयोजित की गई। प्रथम चरण में 16 टीमों ने भाग लिया, वहीं द्वितीय और तृतीय चरण के बाद दो टीम विजयी रहे। प्रथम स्थान पर शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा गीतांजलि और भाविका तथा दूसरे स्थान पर रानाखुज्जी की छात्रा परमेश्वरी और लेसिका गोस्वामी रहे।

### चयनित विद्यार्थी जिलास्तरीय प्रतियोगिता में विकासखंड का करेंगे प्रतिनिधित्व

कार्यक्रम की नोडल रीना मंडल व्याख्याता रसायन के मार्गदर्शन में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्राचार्य ने शील्ड तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसके साथ ही प्रतियोगिता में शामिल सभी 34 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में व्याख्याता एनुका शार्वा तथा हितेश्वरी नायक (खेरथाबाजार) थीं। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक हेमंत साहू एवं तेजेश्वरी साहू ने किया। चयनित विद्यार्थी आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम में व्याख्याता अभिषेक सहारे, सपना ठाकुर, आर एल चुरेंद्र,प्रीति भीमते, जयप्रकाश ठाकुर, भुआर्य सर प्रभारी शिक्षक गण उपस्थित थे।

### पंप में एयरगन व चाकू की नोक पर लूटपाट

**भिलाई।** पेट्रोल पंप में एयर गन और चाकू की नोक पर लूटपाट करने वाले युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 309 (6 ) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि ग्राम मेडेसरा में स्थित बोथरा पेट्रोल पंप में शुक्रवार की देर रात चार नकाबपोश युवकों ने लूटपाट की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। कैशियर ने पुलिस को बताया कि गोपाल साहू पंप के ड्यूटी पर था। एक्टिवा व बाइक में चार युवक रात 1 बजे पहुंचे थे। आफिस में युवकों ने आवाज लगाई तो कैशियर और कर्मी गोपाल तुरंत बाहर निकल कर आए। युवकों ने इमरजेंसी का झांसा देकर वाहन में पेट्रोल डालने को कहा। पेट्रोल पंप बंद होने की बात पर युवकों ने गाली गलौज करना शुरु कर दिया।

**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# धान उठाव में सुस्ती, अधिकतर खरीदी केंद्रों में अब भी बफर स्टॉक से खरीदी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में चल रही धान खरीदी के बाद खरीदी केंद्रों से उठाव की सुस्ती से चल रही है। धान का पर्याप्त उठाव नहीं होने के कारण कई खरीदी केंद्रों में अब भी बफर स्टॉक की स्थिति के कारण खरीदी नहीं हो पा रही है। प्रदेश के आधे से ज्यादा खरीदी केंद्रों में यही स्थिति है। धान खरीदी के बाद मिलरों की मांगों के संबंध सहमति बनने के बाद पिछले दो दिनों में जिले वार डीओ और टीओ जारी किए गए हैं। प्रदेश के खरीदी केंद्रों में अब भी 52.97 लाख मीट्रिक टन धान जाम है। इधर उठाव की समीक्षा के बाद बस्तर के खरीदी केंद्रों में उठाव नहीं होने पर वहां के कलेक्टर को इसमें तेजी लाने कहा गया है।

अधिकारियों ने बताया कि धान खरीदी के तहत अब तक 64.35 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव जारी है। धान के उठाव में तेजी लाने के प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देशित किए गए हैं। अब तक कुल धान खरीदी का 50 प्रतिशत से अधिक धान के उठाव के लिए डीओ और टीओ जारी कर दिया गया है। इसके विरुद्ध मिलर्स द्वारा अब तक लगभग 10.37 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। मार्कफेड के द्वारा सभी जिला कलेक्टरों को निर्देशित किया गया है कि ऐसे खरीदी केंद्र जहां बफर स्टॉक तीन से चार गुना है वहां से धान पहले उठाए जाएं।

## 64.35 लाख टन खरीदी केंद्रों में अब भी 52.97 लाख टन डंप

### कई जिलों में किसान परेशान

धान खरीदी शुरू होने के चार सप्ताह तक उठाव नहीं होने के कारण 2739 खरीदी केंद्रों से लगभग 1690 खरीदी केंद्रों में बफर स्टॉक के कारण खरीदी न होने से किसान परेशान थे। इनमें कवर्धा, महासमुंद, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, धमतरी, बलौदाबाजार, मुंगेली, दुर्ग सहित कई अन्य जिले शामिल है। यहां पर किसानों ने धान खरीदी केंद्रों में लाने के बाद वापस ले जाने के कारण परेशान हैं। कवर्धा जिले में किसानों ने इसे लेकर कुछ केंद्रों में सड़क पर चक्का जाम कर प्रदर्शन भी किया। बताया जाता है कि आने वाले सोमवार को बफर स्टॉक की स्थिति कम हो इसे लेकर अवकाश के दिनों में मिलरों को जिले और अंतर जिले का डीओ जारी कर इसे कम करने का प्रयास होगा।



### जिलों में उठाव की स्थिति

अधिकारियों ने बताया कि मिलरों को हड़ताल समाप्त होने के बाद अब तक प्रदेश में 16 प्रतिशत णान का दठाव हुआ है। उठाव करने वाले जिलों में कोरबा सबसे आगे है। यहां पर 41 प्रतिशत का रिकार्ड उठाव हो चुका है। यहां पर मिलरों के अलावा मार्कफेड ने संग्रहण केंद्रों के लिए उठाव की अनुमति दी है। वहीं धमतरी जिले में 39 प्रतिशत का उठाव हुआ है। बालोद, बालौदाबाजार और सरगुजा जिले में खरीदी का 20 प्रतिशत से अधिक उठाव कर लिया गया है। वहीं रायपुर, मुंगेली और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 19 प्रतिशत तक उठाव कर लिया गयाहै। ऐसे जिजे जहां पर उठाव कम हुआ है उनमें महासमुंद, बेमेतरा, बालोद और कवर्धा में 8 से 14 प्रतिशत तक उठाव हुआ है।

## खबर संक्षेप

### पिछड़ा वर्ग सम्मेलन 25 दिसंबर को

**रायपुर।** ग्राम खप्परवाड़ा जिला दुर्ग में पिछड़ा वर्ग सम्मेलन 25 दिसंबर को शाम 5 बजे से आयोजित है। इस सम्मेलन में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर विभिन्न समाज प्रमुखों को साथ लेकर शामिल होने राजधानी से रवाना होंगे। सम्मेलन में विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू को भी मुख्य क्रमशः विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी प्रदेश प्रवक्ता सोमनाथ साहू ने देते हुए बताया कि सम्मेलन की अध्यक्षता सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष धणेश चंद्राकर करेंगे, विशेष अतिथि ग्राम सरपंच रेवती देवदास, दीपक चंद्राकर, सौरभ चंद्राकर, धोबी समाज के जिला राजनंदगांव अध्यक्ष चैतराम निर्मलकर, दुर्ग जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर, प्रदेश संगठन मंत्री नकुल निर्मलकर, देवांगन समाज के वरिष्ठ नेता सेवक देवांगन को बनाया गया है।

### एजुकेटेड अग्रवाल समाज का परिचय सम्मेलन 11 से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच द्वारा वीआईपी रोड स्थित रामस्वरूप दास निरंजन लाल धर्मशाला में दो दिवसीय 11 से 12 जनवरी तक 13वें अखिल भारतीय एजुकेटेड अग्रवाल विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में देशभर के बच्चे शामिल होंगे। इस परिचय सम्मेलन में अपने विवाहयोग्य बच्चों के बॉयोडाटा ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। ऑफलाइन फॉर्म भरकर मंच कार्यालय को भी प्रेषित कर सकते हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 25 दिसंबर है। इस मौके पर छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के संरक्षक कन्हैया अग्रवाल एवं हरिवल्लभ अग्रवाल ने बताया कि परिचय सम्मेलन में हर वर्ष लगभग एक हजार बच्चों के पंजीयन प्राप्त होते हैं, लगभग दो सौ बच्चों का परिचय दो दिन में बेहद अच्छे वातावरण में नवीनतम तकनीक के साथ कराया जाता है।

### दूरदर्शन में सतनाम सतगुरु फिल्म 24 से दिखाई जाएगी

**रायपुर।** बाबा गुरु घासीदासजी के जीवन दर्शन पर बनी पहली फिल्म 'सतनाम सतगुरु' का प्रसारण दूरदर्शन पर 24 से 29 दिसंबर तक इसे 6 भागों में नियमित रूप से दिखाई जाएगी, जिसका प्रसारण शाम 7 बजे दिल्ली दूरदर्शन से किया जाएगा, इसे टाटा स्काई चैनल नंबर 1174 में भी देखा जा सकेगा। निर्माता व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. जेआर सोनी ने बताया कि अभी दिसंबर माह गुरु पर्व के रूप में चल रहा है, इसलिए इसका प्रसारण किया जा रहा है, जिसे दूरदर्शन के अलावा वेब चैनल के माध्यम से भी इस पूरे विश्व में देखा जा सकेगा। इस फिल्म में बाबा गुरु घासीदासजी को जन्म से लेकर उनके अंतर्ध्यान होने तक के सभी प्रसंगों को बखूबी दिखाया गया है। गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के अध्यक्ष केपी खंडे, डीएस पात्रे, सुंदरलाल जोगी, चम्पादेवी गेंदले एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने सभी दर्शकों से इस प्रसारण को देखने का आव्हान किया है।

### विधायक मूणत ने विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

**रायपुर।** रायपुर पश्चिम क्षेत्र विधायक राजेश मूणत ने रविवार को संत रविदास वार्ड में 2 करोड़ 75 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने वार्ड की अंदरूनी सड़कों का डामरीकरण, कंक्रीट गलियों के निर्माण जैसे डेढ़ दर्जन कार्यों की शुरुआत की।

## आयोजन

**कार्यक्रम के समापन समारोह में कलेक्टर चंद्रवाल हुए शामिल**

# बालोद टेक्नोफेस्ट में जिले के बाल वैज्ञानिकों के बनाए 200 मॉडलों का किया गया प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय बालोद में 20 एवं 21 दिसंबर को बालोद टेक्नोफेस्ट 2024' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों को विज्ञान एवं नवाचार के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित इस 'बालोद टेक्नोफेस्ट' के माध्यम से हमारे बाल वैज्ञानिक अपने प्रतिभा का उन्मुखीकरण कर आने वाले समय में छत्तीसगढ़ एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। चन्द्रवाल जिला मुख्यालय के माहेश्वरी भवन में आयोजित 'बालोद टेक्नोफेस्ट 2024' के समापन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस दो दिवसीय आयोजन के दौरान जिले के सभी विकासखण्डों के विभिन्न स्कूलों के पंजीकृत कुल 824 मॉडलों में से उत्कृष्ट 200 मॉडलों को प्रदर्शित किया गया था। इस दौरान विद्यार्थियों के द्वारा बहुत ही ज्ञानवर्धक, रोचक एवं उत्कृष्ट मॉडलों का निर्माण किया गया था। इसके फलस्वरूप इस दो दिवसीय आयोजन में ज्ञान–विज्ञान एवं तकनीक का बेहतर समागम परिलक्षित हो रहा था। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के विशेष पहल पर बालोद जिला प्रशासन द्वारा विज्ञान एवं नवाचार को प्रेरित करने तथा विद्यार्थियों को अपने तकनीक कौशल को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से बालोद जिले में पहली बार बालोद टेक्नोफेस्ट 2024 का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत उत्कृष्ट मॉडलों का निर्माण करने वाले विद्यार्थियों तथा इस कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने वाले संस्थानों, शिक्षकों एवं अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अग्रांश द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत

इस अवसर पर कलेक्टर चन्द्रवाल ने विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित की गई मॉडलों का अवलोकन कर विद्यार्थियों से उसके संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान वाले मॉडलों का निर्माण करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम स्थल में विद्यार्थियों के द्वारा स्मार्ट एग्रीकल्चर, ओव्हर लोडिंग सेफ्टी सिस्टम, धान बोने का मशीन, स्वास्थ्य सुरक्षा, स्मार्ट टॉयलेट, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर आदि विभिन्न विषयों पर बहुत ही ज्ञानवर्धक एवं उत्कृष्ट मॉडलों का निर्माण किया गया था। **प्रतिवर्ष होगा आयोजनः** कलेक्टर चन्द्रवाल ने कहा कि विज्ञान एवं नवाचार को प्रेरित करने तथा विद्यार्थियों को अपने तकनीक कौशल को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने के लिए जिले में प्रतिवर्ष बालोद टेक्नोफेस्ट का आयोजन किया जाएगा। चन्द्रवाल ने जिले के विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए जिला प्रशासन के द्वारा उन्हें हर संभव मदद उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अग्रांश द्विवेदी ने बालोद टेक्नोफेस्ट के आयोजन को सभी के लिए अनुकरणीय बताया। जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले ने विद्यार्थियों के भावी भविष्य के निर्माण के लिए इसे अत्यंत निर्णायक कदम बताया।

## चीचा में धूमधाम से मनाई गई बाबा गुरु घासीदास जयंती



**अंडा।** ग्राम चीचा में बाबा गुरु घासीदास जयंती धूमधाम से मनाई गई। गांव में इस वर्ष नया जैतखाम का निर्माण भी किया गया है। इस कारण कार्यक्रम के दौरान लोगों में खासा उत्साह रहा। समस्त ग्रामवासी चीचा के लोगों को कहा कि बाबा जी ने हमेशा सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है।

### भेंड़ी में रक्तदान शिविर आज

**डौंडीलोहारा।** समीपस्थ ग्राम भेंड़ी में अवधूत सेवा समिति द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला भवन में 23 दिसंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। साथ ही कैंसर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है।समिति द्वारा रक्तदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रक्तदान करने की अपील की गई है। ब्लड बैंक जिला अस्पताल बालोद की पूरी टीम रक्तदान में सहयोग करेगी।

## कांग्रेस संगठन में 50 प्रतिशत जिला अध्यक्षों को बदला जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नगरीय निकाय चुनाव से पहले कांग्रेस अपने संगठन में बदलाव कर सकती है। कांग्रेस ने अपनी फाइनल सूची तैयार कर ली है। सूची में 50 फीसदी से ज्यादा जिला अध्यक्षों को बदला जा सकता है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के बनने के बाद नई कार्यकारिणी की घोषणा नहीं की गई थी। सूत्रों के अनुसार संगठन ने बदलाव के लिए होमवर्क पूरा कर लिया है। संगठन में बदलाव को लेकर पूरे प्रदेश में प्रभारी सचिवों की बैठक हो चुकी है। छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन में बदलाव को लेकर शीर्ष नेतृत्व ने अपनी सहमति दे दी है। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने पहले ही प्रदेश नेतृत्व को हाईकमान के फैसले की जानकारी दे दी थी। माना जा रहा है कि नई लिस्ट में कांग्रेस के 50 फीसदी जिला अध्यक्षों को बदला जा सकता है। नगरीय निकाय चुनाव से पहले लिस्ट जारी कर कांग्रेस डैमेज कंट्रोल की भी कोशिश करेगी। कांग्रेस को विधानसभा और लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। हार के बाद समीक्षा की गई थी। समीक्षा में यह पाया गया कि संगठन के पैमाने में जो नेता बैठ नहीं रहा, उसे पद से हटाया जाए। हार की समीक्षा के दौरान कई जिलों में इसकी भी शिकायत आई थी कि चुनाव के समय जिला अध्यक्षों की भूमिका समिति थी जिस कारण से पार्टी को नुकसान हुआ।

### युवा चेहरों को मौका

प्रदेश कांग्रेस संगठन अब पुराने चुनाव अनुभव से सबसे लेते हुए ऐसे लोगों को जिम्मेदारी देने जा रही है, जो लोग फील्ड में एक्टिव हैं और संगठन के पैमाने पर काम कर रहे हैं। संगठन ने जो सूची तैयार की है, उसमें युवा चेहरों को भी मौका दिया गया है। नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए कहा जा रहा है कि सूची महीने के अंत में जारी हो सकती है।

### डेढ़ साल से नई टीम की घोषणा नहीं

दीपक बैज जुलाई 2023 में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष बने थे। मोहन मरकाम की जगह उन्हें पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। दीपक बैज के कार्यकाल को डेढ़ साल का वक्त हो गया है लेकिन नई टीम की घोषणा नहीं की गई है। अब जल्द ही नई टीम की घोषणा की जा सकती है। बताया जाता है कि पिछले दिनों उन्होंने दिल्ली में कांग्रेस के नेताओं से मुलाकात की थी। अब वे आज-कल में दिल्ली रवाना होकर सूची में आलाकमान की अनुमति लेकर लौटेंगे।

## ठाकुर प्यारेलाल सिंह की मनाई जयंती बुनकर संघ के लिए मूणत देंगे 25 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**कोर्स में शामिल हो सेनानियों की गाथा : किरण देव**




छत्तीसगढ़ बुनकर सहकारी संघ ने स्वाधीनता संग्राम सेनानी, रायपुर के प्रथम विधायक, नेता प्रतिपक्ष नागपुर असेम्बली, रायपुर नगरपालिका के तीन बार अध्यक्ष रहे तथा सहकारिता के अग्रदूत त्यागमूर्ति ठाकुर प्यारेलाल सिंह की 133वीं जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम नगर निगम के जोन और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संघ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि ठाकुर प्यारेलाल सिंह का संपूर्ण जीवन देश और समाज के लिए त्याग और तपस्या का रहा है। उन्होंने कहा कि ठाकुर साहब का संपूर्ण जीवन प्रेरक रहा है। उनकी जीवनी और अन्य सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की जीवनगाथा पाठ्यक्रम में सम्मिलित होनी चाहिए, ताकि आज के बच्चे और युवा उनसे प्रेरणा ले सकें।

इसी दौरान रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने कहा कि प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण और गरिमायुक्त स्मारक बनाने और बुनकर संघ के भवन के जीर्णोद्धार के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम में विधायक मोतीलाल साहू ने ठाकुर प्यारेलाल सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपने विधानसभा क्षेत्र सेजबहार स्थित प्यारेलाल सिंह की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा भी की। कार्यक्रम को संबोधित पूर्व कुलपति और वरिष्ठ इतिहासविद प्रोफेसर एलएस निगम, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुरलीधर खंडेलवाल और संरक्षक पीएन तिवारी व नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने भी संबोधित किया।

आभार व्यक्त करते हुए ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड के पार्षद व एमआईसी सदस्य, राज्य योग आयोग के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने मांग की कि निमोरा स्थित ठाकुर प्यारेलाल सिंह पंचायत प्रशिक्षण केंद्र में प्रतिवर्ष ठाकुर साहब की राज्य स्तरीय जयंती समारोह का आयोजन किया जाना चाहिए। इस पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव, वरिष्ठ विधायक राजेश मूणत और विधायक मोतीलाल साहू ने पूर्ण सहयोग करने की घोषणा की।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में इतिहासविद डॉ. रामकुमार बेहार, आचार्य घनाराम साहू, इतिहासकार केके अग्रवाल, पार्षद और उप नेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, छत्तीसगढ़ बुनकर सहकारी संघ के अध्यक्ष मंगलूराम देवांगन, स्वाधीनता संग्राम सेनानी परिवार से डॉ. अखिलेश त्रिपाठी, अजय सोनी, अनिल गुप्ता, चंद्रशेखर पांडेय, अरूण दुबे, अनिरुद्ध दुबे, रमादत्त जोशी, पूर्व पार्षद दिलीप यदु, जगदीश आहुजा, अशोक पांडेय, आशीष अग्रवाल, अभा साहित्य परिषद के प्रांतीय संयोजक प्रभात मिश्र, पाटन के पत्रकार भूपेंद्र मिश्रा, मनीष शर्मा, एनएसएस के छात्र-छात्राएं, बड़ी संख्या में बुनकर, नगर निगम जोन के कमिश्नर विमल शर्मा, ईई लाल महेंद्र सिंह व कर्मचारियों के साथ ठाकुर प्यारेलाल सिंह के परिजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## आईएमए भवन निर्माण के लिए सरकार देगी एक करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कालीबाड़ी के पास 12 हजार वर्गफीट में आईएमए का भवन बनाने के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से एक करोड़ देने की सहमति दी है। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के डॉ. विमल चोपड़ा ने बताया, डॉक्टरों के एक प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात कर इस संबंध में चर्चा की। सभी चिकित्सकों ने बताया, रायपुर आईएमए को पूर्ववर्ती भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने काली बाड़ी चौक में करीब 12000 फीट जमीन का आबंटन किया था। अब इसमें राजधानी की गरिमा के अनुकूल आईएमए भवन का निर्माण हो ऐसी प्राथमिकता से कार्य करने की योजना है। आईएमए की इच्छा है कि भवन में सेमिनार हॉल जिम व रिक्रिएशन हॉल हो और प्रदेश व प्रदेश के बाहर से आने वाले आईएमए के सदस्यों के रुकने के लिए 10 कमरे व 24 घंटे कैंटीन की व्यवस्था हो। शहर में सभी विषयों का सेमिनार व सम्मेलन आईएमए भवन में ही हो, जिसमें उन्हें रियायती दरों पर भवन उपलब्ध हो। स्वास्थ्य मंत्री से डॉ कुलदीप सोलंकी ने आईएमए भवन के निर्माण के लिए सहयोग की मांग की।

## पेज 11 के शेष

### पीड़ित परिवार ...

के साथ ही आत्मदाह के लिए मजबूर युवक को इंसाफ दिलाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर रूपेश सिन्हा, छंगू लाल यादव, लिलेश्वर ठाकुर, कीर्ति ऊके, रोशन सिन्हा, मनीष ठाकुर, रजनीकांत शर्मा, रामवतार गेंद्रे, ईश्वर देवांगन, विजय जोशी, शांतनु, अंकालु, नवीन राजपूत, रितेश देवांगन, लाला माहेश्वरी सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### धर्मांतरण के विरोध में सर्व हिंदू ...

अर्जुंदा नगर, माहुद, सिकोसा सहित ऐसे अनेकों गांव में अवैध प्रार्थना सभा चल रहा है इसे तत्काल बंद किया जाए। साप्ताहिक बाजार गुण्डरदेही में शनि मंदिर के पास मछली पसरा एवं मुर्गी कटिंग को अन्यत्र दूसरे जगह स्थापित की जाए। दौलत सोनकर द्वारा शीतला मंदिर के सामने हनुमान मंदिर के आसपास गेट दरवाजा लगाया गया है उसे निकालकर तार घेरा किया जाए। हिंदू संगठन ने कहा कि 15 दिनों के अंदर मांगें पूरी नहीं की गई, तो पुनः गुण्डरदेही थाना का घेराव विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने मुख्य रूप से जिला के प्रमुख पदाधिकारी सतीश विश्वकर्मा, महेंद्र सोनवानी, कार्यक्रम प्रभारी स्वप्निल शर्मा, जिला सहसंयोजक बजरंग दल के नेतृत्व में एवं प्रखंड अध्यक्ष भारत साहू, इंद्रजीत महाराज, शिव सेना प्रमुख रमेश गोस्वामी, प्रफुल पटेल, मनोज साहू, पंकज साहू, हिमांशु महोबिया, लक्ष्मण यादव, जिला सहसयोजक (अण्डा प्रखंड, चिरंजीव साहू, छात्र प्रमुख मनीष महोबिया, विजय कोसरिया, अजय साहू, हंसराज देशमुख सहित हिंदू धर्म समाज के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### देऊरतराई-सिवनी पहुंच ...

लिए बच्चों एवं ग्रामीण को 06 से 07 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करके बालोद या दूसरे रास्ता से आना–जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने कहा कि इसलिए ग्राम देऊरतराई से सिवनी पहुंच मार्ग में नवीन पुलिया निर्माण अतिशीघ्र किया जाए, ताकि लोगों को आवगमन में समस्या न हो और जान जोखिम में न डालना पड़े।

**सामान्य या पिछड़ा वर्ग से पर्ची निकली तो महापौर पद के लिए टिकट मांगेंगे : नागभूषण राव**

# महापौर पद के आरक्षण पर टिकी नजर, भाजपा और कांग्रेस के दर्जनभर दिग्गजों की दावेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निगम के 70 वार्डों के आरक्षण की लाटरी निकलने के बाद अब महापौर पद के आरक्षण पर भाजपा और कांग्रेस पार्टी के दिग्गजों की नजर टिकी हुई है।

महापौर एजाज ढेबर ने साफ कह दिया है कि पार्षद का चुनाव लड़ने की बिलकुल इच्छा नहीं है। महापौर पद के लिए आरक्षण सामान्य वर्ग के लिए रहा, तो महापौर पद का चुनाव लड़ूंगा। उनका ये भी कहना है, पार्टी में संगठन की अहम भूमिका होती है, संगठन तय करेगा उन्हें क्या भूमिका देनी है। एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन के मुताबिक पार्टी का आदेश सर्वोपरि है, पार्टी को यदि महापौर का योग्य उम्मीदवार लगता हूं, तो महापौर चुनाव जरूर लड़ूंगा। पूर्व सभापति प्रफुल्ल विश्वकर्मा को 100 फीसदी उम्मीद है कि इस बार महापौर का पद ओबीसी का रहेगा, इसलिए वे महापौर पद की दावेदारी करेंगे। हरिभूमि ने महापौर पद के चुनाव को लेकर वरिष्ठ पार्षदों से नगरीय निकाय चुनाव में उनकी मंशा को लेकर बातचीत की। इसमें प्रतिभागियों ने खुलकर अपने मन की बात की।

**सामान्य या ओबीसी रहा, तो मेयर के दावेदारी : नागभूषण** एमआईसी सदस्य नागभूषण राव ने कहा, नगर निगम चुनाव में इस बार महापौर पद सामान्य या पिछड़ा वर्ग के लिए परची निकलती है तो पार्टी से मेयर पद के लिए टिकट मांगेंगे। जनता से जुड़े है इसलिए यतियतन लाल वार्ड से पार्षद के रूप में जनता से जुड़ने की इच्छा है। **महापौर पद के लिए करेंगे कोशिश : प्रमोद दुबे** : पूर्व महापौर और निगम सभापति प्रमोद दुबे के मुताबिक महापौर पद सामान्य वर्ग के लिए रहा तो महापौर पद की टिकट पर चुनाव के लिए कोशिश करेंगे। पार्टी का निर्णय मान्य होगा। **महापौर या पार्षद जिसमें आदेश मिले : श्रीकुमार मेननः** वरिष्ठ एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन ने कहा महापौर पद सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित रहने पर पार्टी यदि उन्हें महापौर पद का चुनाव लड़ने आदेश करती है तो वे जरूर चुनाव लड़ेंगे। महापौर या पार्षद जिसमें आदेश मिले शिरोधार्य होगा। **महापौर का लड़ूंगा चुनाव : सतनाम पनागः** मेयर का पद सामान्य के लिए सुरक्षित होने पर महापौर का चुनाव लड़ूंगा। यदि ऐसा नहीं हुआ तो अपने पुराने वार्ड शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड से पार्षद चुनाव लड़ने की मंशा है। **पार्टी मौका दे तो महापौर का चुनाव लड़ूंगा : आकाश तिवारीः** एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी ने कहा पार्टी मौका देती है तो वे महापौर चुनाव लड़ने से नहीं चूकेंगे। पार्षद के रूप में पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड से 5 साल तक जनता की सेवा की उसे निरंतर जारी रखने की इच्छा है। **भाजपा के वरिष्ठ पार्षदों ने ये कहाः**पूर्व उपनेता प्रतिपक्ष रमेश ठाकुर के मुताबिक वामनराव लाखे वार्ड सामान्य के लिए सुरक्षित है, लेकिन महापौर आरक्षण की स्थिति के बाद पार्टी का निर्णय सर्वमान्य होगा। जो भी दायित्व उन्हें पार्टी संगठन देगी निर्वहन करेंगे। **ओबीसी की 100 फीसदी उम्मीद : प्रफुल्ल विश्वकर्मा** : दो बार निगम के सभापति रहे चुके आरडीए के पूर्व उपाध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा को पूरी उम्मीद है इस बार महापौर पद ओबीसी के लिए सुरक्षित रहेगा। ऐसा हुआ तो वे महापौर पद का चुनाव लड़ेंगे। यदि सामान्य वर्ग के लिए रहा तो भी दावेदारी रहेगी। नगरीय निकाय के कार्यों का विशेष अनुभव होने के साथ ही भाजपा के नगर निगम प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रफुल्ल विश्वकर्मा इस बार बड़ा लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। इसी तरह भाजपा के वरिष्ठ नेता सुभाष तिवारी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सूर्यकांत राठौर, जोन अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू पार्टी के आदेश पर महापौर चुनाव लड़ने तैयार हैं।

## खबर संक्षेप

### अनुपम गार्डन में मनाया विश्व ध्यान योग दिवस

**रायपुर।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के संस्थापक स्वामी रामदेव महाराज के निर्देशानुसार संस्था द्वारा अनुपम गार्डन में शनिवार को विश्व ध्यानयोग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पतंजलि योग समिति के योगाचार्य, योग शिक्षक और योग साधक-साधिकाओं ने ध्यानयोग किया। साथ ही ओम ओम की ध्वनि से अनुपम गार्डन गुंजायमान हुआ। यह ध्यानयोग का कार्यक्रम सह राज्य प्रभारी पतंजलि योग समिति के सहायक प्राध्यापक छबिराम साहू द्वारा संपन्न कराया गया। योगाचार्य छबिराम साहू ने अवंति विहार, वृंदावन गार्डन आदि स्थानों में भी योगाभ्यास कराया गया। योग कक्षा में महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। डाइट के प्राचार्य बीएल देवांगन ने विश्व ध्यानयोग दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान डाइट रायपुर में प्रशिक्षण ले रहे लगभग 200 व्याख्याता, शिक्षकों को भी ध्यान योग कराया गया।

### महापौर ढेबर ने किया सामुदायिक भवन लोकार्पण

**रायपुर।** नगर निगम जोन 4 क्षेत्र स्थित मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड में महापौर एजाज ढेबर ने शनिवार को महापौर निधि से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। 50 लाख की लागत से वार्डवासियों के लिए सर्व सुविधा सामुदायिक भवन जरूरतमंदों को किफायती किराये में अब बिना किसी दिक्कत के वार्ड में आसानी से उपलब्ध होगा। मौलाना अब्दुल रऊफ़ वार्ड के लाल गंगा शॉपिंग मॉल के पीछे राजीव आवास परिसर में महापौर एजाज़ ढेबर ने वार्डवासियों को सामुदायिक भवन की सौगात दी। इस मौके पर बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

### सेजबहार धान केंद्र में किसानों का सम्मान

रायपुर। राजधानी रायपुर के सेजबहार स्थित ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित शाखा भाठागांव में सुशासन दिवस पर समिति स्तर के किसानों का गमछा व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक नंदकुमार साहू शामिल हुए। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि सरकार भारती की प्रदेशाध्यक्ष डा. लक्ष्मी द्विवेदी, सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक नीलम सिंह, संयोजक ग्रामीण केशवराम वर्मा सहित अन्य अतिथिगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालक पूर्व शाखा प्रबंधक रमेश शर्मा एवं आभार व्यक्त समिति प्रबंधक विजय ठाकुर ने किया।

## निधन

### मांगीलाल सांखला



**बालोद।** जैन श्री संघ बालोद के वरिष्ठ धर्मनिष्ठ सेवाभावी, सुश्रावक मांगीलाल सांखला का 73 वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 22 दिसंबर को महावीर भवन मार्ग निवास स्थान से रामघाट मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। वे पूर्व जिला भाजपा कोषाध्यक्ष ताराचंद सांखला, पार्षद नरेंद्र सांखला के पिता थे।

**प्रवचन :** जामगांव आर में हो रहा संगीतमय श्री राम कथा सप्ताह का आयोजन

# अंचल में जगह-जगह हो रहे धार्मिक कार्यक्रम, कथा का रसपान करने बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

नारी शक्ति समिति ग्रामवासियों द्वारा आयोजित श्री राम कथा के द्वितीय दिवस धर्म प्रेमियों ने श्रीराम कथा का रसपान किया। कथावाचक ने पार्वती जन्म शिव पार्वती विवाह नारद मोह मनु सतरूपा का तप पर व्याख्यान दिया। संगीतमय श्री राम कथा सप्ताह से जामगांव आर का वातावरण धर्ममय हो गया है।

आस पास ग्राम से धर्म प्रेमी श्री राम कथा का रसपान करने बड़ी संख्या में में पहुंच रहे हैं। आचार्य श्री शिवानंद महाराज ने कहा कि अच्छा कर्म करते जाइए राम जी करेंगे बेड़ा पार ना हो मनवा उदास, कर्म का फल मिलना तय है। आचार्य श्री ने कहा कि राम जी की कथा से हमें अपनी समस्याओं का समाधान



अपने आस–पास के वातावरण से ही तलाशना चाहिए। इससे हमें अपने आस–पास के लोगों और वातावरण के साथ सामंजस्य बिठाने में मदद मिलेगी और इससे जीवन में शांति और अधिक सफलता मिलेगी। इसलिए जब भी आप किसी समस्या का सामना करें, तो अपने आस–पास ही समाधान तलाशें और आप कभी असफल नहीं होंगे। नारी शक्ति समिति के सदस्य में मीरा चंद्राकर, नंदनी साहू, शैलेंद्री मंडवी, पूजा गोस्वामी, भनमती पिंकी शुक्ला, उमा चंद्राकर, मेनका निर्मलकर सुरुचि मधु शाहने, लक्ष्मी वर्मा, मालती साहू, प्रमिला, धनेस्वरी, त्रिवेणी साहू, योगेस्वरी साहू, तमेश्वरी साहू टेमन्- साहू, ज्ञान साहू, ग्राम पुरोहित मुकेश शुक्ला ने कथा रसपान किया।

### बोरिदकला में श्री स्वास्तिक शिव महापुराण कथा जारी

**गुरूर।** ग्राम बोरिदकला में संगीतमय श्री स्वास्तिक शिव महापुराण कथा का आयोजन 21 से 28 दिसंबर तक किया जा रहा है। कथावाचक पंडित नंदकिशोर शास्त्री प्रतिदिन सुबह 9 से 11 बजे तक रूद्राभिषेक करने के बाद दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक कथा सुना रहे हैं। इसके तहत 21 दिसंबर को शिवपुराण महात्म्य कथा सुनाई गई। 22 दिसंबर को शिवलिंग प्राणदृश्य, शिवरात्रि महात्म्य की कथा हुई। 23 दिसंबर को नारद मोह व रूद्राक्ष महिमा, 24 दिसंबर को सती चरित्र, पार्वती जन्म की कथा सुनाई जाएगी। 25 दिसंबर को शिव-पार्वती विवाह उत्सव होगा। 26 दिसंबर को रूद्राक्ष प्रकरण कथा, 27 दिसंबर को वृंदा चरित्र, द्वादश ज्योतिर्लिंग कथा के बाद चढ़ौत्री होगी। 28 दिसंबर को शिव पुराण यज्ञ, पूर्णाहुति होगी।





## 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में दूसरे दिन हजारों श्रद्धालु हुए शामिल, डाली आहुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में जिला स्तरीय राष्ट्र जागरण 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के द्वितीय दिवस प्रातः 8 बजे से 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया।महायज्ञ में हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा पूर्वक आहुति डाली। शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे ऋषि पुत्रों ने कहा कि परमपूज्य गुरुदेव के संकल्प मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण को पूर्ण करने का एक तरीका है। उन्होंने कहा कि अपने अंदर के सोये देवता को जागृत करें, अपने अंदर की निष्कृष्टता को निकाल फेंकें, तो व्यक्तित्व का परिष्कार होगा। जीवन देवता की आराधना करें। दोपहर में नारी जागरण कार्यशाला हुई, जिसमें नारी जागरण प्रांतीय संयोजक डॉ कुंती साहू ने नारियों का आह्वान करते हुए कहा कि आप दुर्गा शक्ति हो, गायत्री हो अपने को पहचानें, अनीतियों से लड़ने के लिए समाज में जीवन्त जागृत रहें। अपने अंदर की योग्यता को बढ़ाएं, परिवार समाज के निर्माण में अपनी भूमिका प्रदान करें।






### कांकेर सांसद भोजराज भी हुए शामिल

महायज्ञ में कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग भी शामिल हुए। उन्होंने गायत्री परिवार के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि कलयुग का प्रभाव लोगों को अत्यधिक प्रभावित कर रही है, अतः शांति और सुखी जीवन के लिए आध्यात्मिक कार्यक्रमों में हम सब की भागीदारी अति आवश्यक है। गायत्री परिवार के सामुदायिक भवन संस्कार शाला के निर्माण के सहयोग की घोषणा की। मां भगवती भोजनालय में प्रतिदिन जिले भर से लगभग 6000 लोग भोजन कर रहे हैं। श्रद्धालु गण सहयोग कर रहे हैं भव्य पंडाल सजा हुआ है, भव्य भोजनालय बना हुआ है। अतः कार्यक्रम का लाभ हम सबको उठाना चाहिए।

बेलमांड में श्रीमद भगवद गीता जी रजत जयंती उत्सव का आयोजन

## निराशा में डूबे हुए मानव में पुरुषार्थ जगाकर तत्वबोध करा देती है भगवत गीता : गिरिजा

**बालोद।** आंजनेय नन्दन सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर सेवा समिति बेलमांड और महर्षि मुक्ताश्रम न्यास के संयुक्त तत्वावधान में श्रीमद भगवद गीता जी रजत जयंती उत्सव का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रातः भगवान योगेश्वर श्री कृष्ण जी और गीता माता की पूजा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। उसके बाद पूरे क्षेत्र के एकत्रित साधकों द्वारा आद्योपांत अट्ठारह अध्याय गीता पारायण की गई। प्रातः सत्र गिरिजा देवी शर्मा का गीता प्रवचन हुआ। प्रवचन में उन्होंने कहा कि यह कृष्णम वंदे जगदगुरु की वाणी है। जीवन ही परमात्मा है, उससे भिन्न कुछ भी नहीं, इस तत्व का बोध गीता माता कराती है। भगवान कृष्ण अपने सखा शिष्य अर्जुन को माध्यम बना कर निराशा में डूबे हुए मानव मात्र में पुरुषार्थ जगाकर तत्व का बोध करा देती है। भोजन प्रसादी के बाद जामड़ी पाट से पधारे श्रीराम बालक दास जी का प्रवचन हुआ। उन्होंने सनातन धर्म की सार्वभौमिकता और श्रीमद् भगवद गीता माता के उपदेशों को आत्मसात कर कैसे जीवन जीना है इस पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि यह कल्याण पथ गामिनी है। यह निराशा में डूबे प्राणी के भीतर पुरुषार्थ जगाती है। सनातन धर्म ही एक ऐसा धर्म है जहां कहा गया है कि कर्म करते हुए भी भगत के भजन की बात कही गई। ये हमारा सौभाग्य है कि ब्रम्हलीन वेदांत केशरी स्वामी आत्मा राम कुम्भज जी ने पच्चीस साल पहले जिस पर्व को मनाने की शुरुआत अपने कृपा पात्र शिष्य पुरुषोत्तम सिंह राजपूत को कराई थी। आज भी यह आयोजन रजत जयंती वर्ष के रूप में आयोजित है, यह उनकी गुरु निष्ठा का साक्षात उदाहरण है। कौशल्या मंदिर निर्माण की जानकारी भी संत जी दिया और लगभग पच्चीस से अधिक लोगों ने मंदिर निर्माण में सहभागी होने का सदस्यता ग्रहण किया।





### गीता ज्ञान परीक्षा का किया गया आयोजन

इस पुण्य अवसर पर गीता ज्ञान परीक्षा पिछले की भांति आयोजित की गई। इस बार सरस्वती शिशु मंदिर हथौद, बालोद, लाटाबोड़, सोहपुर, लोहारा के साथ साथ हाईस्कूल करहीभदर, भे.नवागांव, अमलीडीह विद्यालयों में परीक्षा आयोजित हुई, जिसमें सफल विद्यार्थियों को संत राम बालक दास द्वारा सम्मान प्रदान किया गया। आयोजन में मुक्त सत्संगियों सहित संत आश्रम बापू के साधको सहित बड़ी संख्या में सनातन धर्मावलंबी सहभागी बने। यह आयोजन महर्षि मुक्ताश्रम न्यास हथौद और आंजनेय नंदन सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर सेवा समिति बेलमांड द्वारा आयोजित किया गया।

# डौंडीलोहारा पहुंचे सांसद भोजराज संबलपुर में ली कार्यकर्ताओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

रविवार को क्षेत्रीय सांसद भोजराज नाग डौंडीलोहारा पहुंचे। इस अवसर पर पुराना बस स्टैंड में जिलाध्यक्ष पवन साहू, जिला कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक शुक्ला व नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

सांसद ने सर्वप्रथम नगर के पुराना बस स्टैंड में स्थित मां काली मन्दिर में पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद लिया। उसके बाद गायत्री परिवार द्वारा कार्यक्रम में शामिल हुए। अपने दौरे के दौरान संबलपुर रेस्ट हाउस में उन्होंने कार्यकर्ताओं की





बैठक ली। इस दौरान जिलाध्यक्ष पवन साहू, जिला कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा, देवेंद्र जायसवाल, मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, विवेक वैष्णव, सुरेश देशमुख, रवि जैन, इकबाल अरोरा, पोषण बनपेला, दिनेश्वर बघेल सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक के बाद जनपद सदस्य शकुन देवप्रसाद साहू के घर पहुंचे और उनके बड़े पुत्र के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि दी और शोक संतृप्त परिजनों से मुलाक़ात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उसके बाद सांसद भोजराज नाग मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा के घर भी पहुंचे। उन्होंने एक महिला को डौंडीलोहारा मंडल अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की और बधाई तथा शुभकामनाएं दीं। वहीं, मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने उनका स्वागत किया और पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

## परसुली पहुंचीं विधायक संगीता भागवत कथा में हुईं शामिल

**गुरूर।** ग्राम परसुली में चल रहे भागवत कथा सत्संग में संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा शामिल हुईं। संगीता सिन्हा ग्रामवासी परसुली के साथ कथा श्रवण किया। उन्होंने कहा कि आयोजन का लाभ तभी होगा जब हम अपने जीवन में बदलाव लाएं। इस दौरान विधायक के साथ ब्लॉक अध्यक्ष तामेश्वर साहू, विधायक प्रतिनिधि टोमन दाऊ, पूर्व ऐल्डरमेन चन्द्रहास सिन्हा, पटेल कंवर रेखराम, सरपंच परसुली मोतीलाल देवांगन सहीत ग्राम परसुली के माता बहनें अधिक संख्या में उपस्थित थीं।





घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला में हुआ आयोजन

## पालक-शिक्षक मेगा बैठक में बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला में शाला स्तरीय द्वितीय पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। शासन के निर्देशानुसार छःमाही परीक्षा के 10 दिनों के भीतर पालक -शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में शिक्षकों, पालकों और छात्र, छात्राओं के बीच सेतु बनाकर समन्वय बनाकर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए मिलजुल कर कार्य करने के लिए शासन की ओर से निर्धारित 12 बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसके अंतर्गत मेरा कोना, छात्र दिनचर्या, छात्रों ने क्या सीखा,बच्चा बोलेगा बेझिझक, आय, जाति प्रमाण पत्र की सहज उपलब्धता,





बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा, निःशुल्क पुस्तक एवं गणवेश की उपलब्धता सुनिश्चित करना, बस्ता रहित शनिवार, विद्यार्थियों की आयु, कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी, न्योता भोज, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा, छात्रवृत्ति एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी, विभिन्न डिजीटल प्लेटफार्म, दीक्षा एप, ई जादूई पिटारा, डिजिटल लाइब्रेरी सहित सभी विषयों पर शिक्षक नीलकंठ धनकर द्वारा जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रधान पाठक रमन लाल धनेन्द्र ने इस बैठक की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बैठक हमारे वर्तमान एवं भविष्य को संवारने के लिए पालक, शिक्षक व बालक इन तीनों की कड़ी को मजबूत बनाने से ही बच्चों के सर्वांगीण विकास हो पाएगा। इस कार्यक्रम में शिक्षिका जानकी देशमुख व धनेश्वरी यादव का विशेष सहयोग रहा। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष लीलाधर भूआर्य व सदस्य रोहित साहू, ग्राम पटेल टोप सिंह साहू, जागरूक पालक सियाराम पटेल व सभी बच्चों के पालकों की सराहनीय उपस्थिति रही।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मकान से 12 तोला सोना समेत जेवरात पार

**भिलाई।** घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल होने मकान में ताला जड़कर बिजली कंपनी के सेवानिवृत्त कर्मी परिवार के साथ गए थे। दो घंटे बाद अपने मकान में लौटे तो सारा सामान गायब मिला। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 331 (4), 305 (क) के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि ग्राम खेदामारा गुलाब नगर निवासी भरत लाल गेण्ड्रे बिजली कंपनी से सेवानिवृत्त कर्मी है। 18 दिसंबर को घासीदास जयंती पर परिवार समेत मकान में ताला जड़कर घर से एक किमी दूर बाबा के मंदिर गये थे। रात 8 बजे मकान में बेटा मनीष गेंड्रे घर पहुंचा और मेनगेट का ताला खोला लेकिन गेट भीतर से बंद था। उसका भतीजा अनिकेत दीवार फांदकर भीतर जाकर देखा तो मेनगेट की सिटकनी भीतर से बंद थी। चैनल गेट में लगा ताला भी टूटा हुआ था। मनीष और अनिकेत भीतर जाकर देखे तो बैडरूम का दरवाजा खुला पड़ा था। आलमारी के लॉकर से सोना चांदी के जेवरात गायब मिले। मकान से रानी हार,सोने का सिक्क, चैन, सोने का रिंग, सोने का टाप्स, चांदी का कमर बंद, चांदी का पायल,गायब मिला। बताया जा रहा है कि उक्त जेवरात 12 तोल सोना और 800 ग्राम चांदी था। जिसे चोर ने पार कर दिया।

### मप्र सिकली सरदार गिरोह से 8.70 लाख के जेवरात जब्त

**भिलाई।** सात माह पूर्व हुए मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को एमपी से गिरफ्तार किया है। आरोपी ताला चाबी बनाने का झांसा देकर मकानों में चोरी किया करते थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 331(3), 305(ए) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि माह अगस्त सिंधी कालोनी दुर्ग निवासी सविता तलरेजा ने थाना मोहन नगर पुलिस थाने में शिकायत किया। 27 जुलाई को मकान में दो सरदार आलमारी का चाबी बनाने पहुंचे थे। चाबी बनाने के दौरान पीड़िता को बातों में उलझाकर आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरातो को चोरी कर फरार हो गये थे। पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### मारपीटकर एसडीओपी ने बनाया अवैध संबंध, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** महिला के साथ मारपीट कर एसडीओपी ने जबरन संबंध बनाने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने एसडीओपी के खिलाफ धारा 115 (2) 351 (2) 64 के तहत जुर्म दर्ज मामले की जांच शुरु कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि एसडीओपी तोमेश कुमार का पीड़ित महिला के घर आना-जाना था। 2020 में तोमेश को प्लाट खरीदी-ब्रिक्री करनी थी। इस दौरान महिला के घर में परिवार समेत रूका हुआ था। तब तोमेश महिला पर गलत नियत रखा हुआ था। इसके चार माह बाद 31 अगस्त को महिला का पति काम से गांव गया हुआ था। उसका बेटा ट्यूशन जाने के बाद शाम 7:30 बजे एसडीओपी तोमेश महिला के घर पहुंचा। महिला के मकान में प्रवेश करते हुए एसडीओपी ने धमकी देकर मारपीट करते हुए जबरन उसके साथ संबंध बनाया। पीड़ित परिवार लोक लाज की डर से घटना की शिकायत करने थाने नहीं पहुंच रहे थे। किसी तरह महिला ने हिम्मत जुटाकर पुलिस के पास पहुंची।

## परेशानी : नेवारीकला से देवीनवागांव के लिए डेढ़ किमी सड़क बनाई गई, लेकिन गांव की रह गई अधूरी

# पीडब्लूडी 8 साल में नहीं बना पाया मात्र 500 मीटर सड़क, गड्ढों व कीचड़ में चलने को मजबूर हैं ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

पीडब्लूडी द्वारा बीते 8 सालों से अधूरी छोड़ी गई सड़क ग्राम नेवारीकला के निवासियों के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है। जहां पीडब्लूडी 2 किलोमीटर की सड़क में से ग्राम नेवारीकला के बाहर जो 1500 मीटर सड़क है, उसका निर्माण कर दिया है, लेकिन ग्राम के अंदर स्थित 500 मीटर की सड़क विभाग द्वारा पिछले कई वर्षों से नहीं बनाई जा रही है। जर्जर सड़क के गड्ढों में वाहन फंस रहे हैं।

ग्राम नेवारीकला तथा ग्राम देवीनवागांव के बीच की सड़क 2 किलोमीटर की है, जिसमे ग्राम नेवारीकला के बाहर जो 1500 मीटर सड़क है उसे तो डामरीकरण कर दिया जाता है, परंतु ग्राम के अंदर 500 मीटर स्थित सड़क को पिछले 8 सालों में भी विभाग पूरा नहीं कर पाया। ग्रामीणों द्वारा सीमेंटीकरण करने की मांग की जा रही है, जिसे पीडब्लूडी द्वारा पैसे नहीं होने का हवाला देकर कई वर्षों से डामरीकरण या सीमेंटीकरण नही किया जा रहा है। इससे सड़क के गड्ढों में कीचड़ व बड़े-बड़े बोल्डर दिखाई दे रहे हैं, जो दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं।

### नेवारीकला के ग्रामीणों ने कहा- फंड नहीं होने का रोना रो रहे अधिकारी








#### कई बार की जा चुकी नापजोख

पीडब्लूडी के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा कई बार खानापूर्ति के लिए इस सड़क को नापा जाता है और जल्द बनाने की बात भी कह दी जाती है, लेकिन कई वर्षों के बाद भी इस 500 मीटर सड़क के लिए सीमेंटीकरण का पैसा न होना कई सवाल खड़ा करता है। जनता परेशानियों से गुजर रही है और किसान भी अपने किसानी कार्य के लिए बीज, खाद अन्य वाहन इसी रास्ते से ले जाने को मजबूर हैं।



#### गड्ढों में फंस जाती हैं गाड़ियां

ग्राम के इस 500 मीटर स्थित गली में साल भर कीचड़ और दलदल रहता है, जहां राहगिरों को गुजरने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पैदल राहगीर तो जैसे तैसे करके गुजर जाते हैं, परंतु गाड़ी तथा अन्य वाहनों को गुजरने के लिए काफी मशक्कतों करनी पड़ती है, जहां कई बार गाड़ियां कीचड़ और गड्ढों में ही फंस जाती है, जिससे निकालने के लिए अन्य वाहन या आप पास के ग्रामीणों का सहारा लेना पड़ता है।

#### कई बार हो चुकी है दुर्घटना

इस रास्ते में किसानों के साथ कई लोग हादसे का शिकार भी हो चुके हैं और यह सब परेशानियों को ग्रामीणों द्वारा विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को अवगत कराया जा चुका है, परंतु विभाग अवगत होते हुए भी ग्रामीणों की परेशानियों को दूर करने की जगह इसकी अनदेखी की जा रही है। इस रास्ते में ग्राम के 4 वार्डों के लोग आवागमन करते हैं। जिनका घर इस सड़क से लगा हुआ है, इन घरों में कोई कार्यक्रम हो तो इन लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि सालभर इस रास्ते पर कीचड़ और दलदल रहता है। साथ ही रास्ते में बड़े बड़े बोल्डर निकल आने के कारण वाहन खराब होने के साथ ही फिसलने का डर बना रहता है। वहीं, कीचड़ व बदबू से लोगों की आना आम बात हो गई है, वहीं, इन वार्डवासियों को गंदगी के कारण मच्छर तथा कई बीमारी का डर हमेशा बना रहता है, जिस ओर कोई ध्यान नहीं देता।

## आंगनबाड़ी सिलोदा में मनाया गया वीर बाल दिवस, बच्चों के लिए हुई ड्राइंग व रंगोली स्पर्धा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

सेक्टर रसमड़ा अंतर्गत ग्राम सिलोदा के आंगनबाड़ी केंद्र में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ता ललिता राजपूत ने आंगनबाड़ी के बच्चों के लिए ड्राइंग और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। बच्चों के पालकों को भी आमंत्रित किया गया।

पालकों ने अपने बच्चों द्वारा बनाई गईं ड्राइंग पेंटिंग व मिट्टी से बनाये खिलौनों को देखा और प्रसन्नता व्यक्त की। अपने बच्चे की अच्छी-अच्छी कलाकृति देखकर लावन्या की माता हेमा पटेल व रूचि निषाद की माता चित्ररेखा ने कार्यकर्ता से कहा कि जब भी उनका बच्चा कोई अच्छी गतिविधि करता है, तो उसकी फोटो व वीडियो हमें भी भेजा करें, जिससे हमें भी अपने बच्चे की गतिविधि पता चले। उन्होंने कहा कि आगे से हम भी बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र समय पर भेजेंगे। कार्यकर्ता ने पालकों को इस तरह की गतिविधियां बच्चों से घर में भी करवाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों से बच्चे मोबाइल व टीवी से दूर रहेंगे। चित्रकारी में लावण्या पटेल को प्रथम व गोरांशी को द्वितीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही अन्य बच्चों को भी इस तरह की गतिविधियों में उत्साह के साथ भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## पलारी में मानस महाकुंभ में कौशल्या साय होंगी



**गुरूर।** मानस प्रचार समिति पलारी के पदाधिकारी व सदस्यों ने मुख्यमंत्री निवास रायपुर में जाकर सामाजिक कार्यकर्ता कौशल्या साय से भेंट मुलाकात की। इस दौरान नगर पंचायत पलारी में 10, 11 एवं 12 जनवरी 2025 को आयोजित प्रदेश स्तरीय त्रिदिवसीय मानस महाकुंभ व्याख्यान माला में कौशल्या साय अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। इस अवसर पर रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, मानस प्रचार समिति अध्यक्ष टेकलाल सोनबेर, कोषाध्यक्ष संतोष गंगबेर, वेगेन्द्र सोनबेर, रघुनन्दन साहू, आशाराम जयमाला एवं अवधेश साहू उपस्थित थे। समिति के आमंत्रण को स्वीकारते हुए कौशल्या साय ने पलारी जाने की सहमति प्रदान की।

## ग्राम मुढ़िया में मनाया गया धान खरीदी का महापर्व



**बालोद।** ग्राम मुढ़िया में जिला सहकारी समिति द्वारा धान खरीदी का महापर्व मनाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष हेमलाल देशलहरे, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष चैतन्य निषाद, भाजपा नेता ईश्वरलाल भुआर्य, गैनूराम विश्वकर्मा, पंचराम रावटे, विदेशी राम करभाल, पदुमलाल ठाकुर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव के सुशासन में 1 साल पूरा होने पर कार्यों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर ग्राम मुढ़िया, कोसमी व गारक के किसान उपस्थित थे।

## बेटी के जन्मदिन पर रसोईया ने दिया नेवता भोज



**गुरूर।** तामेश्वर साहू रसोईया ने अपनी पुत्री तिलांजली साहू के जन्मदिन पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खुंदनी एवं शासकीय प्राथमिक शाला खुंदनी के बच्चों को न्योता भोज में केला मिठाई खिलाई। इस अवसर पर शाला के समस्त शिक्षक एवं रसोइया उपस्थित थे।

## सशिमं खर्रा में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती मनाई गई



**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के अवसर पर गणित मेला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर श्रीनिवास रामानुजन के छायाचित्र का पूजन प्रधानाचार्य फलदेव साहू, वरिष्ठ आचार्य सुखीत राम कलिहारी, आचार्य परिवार कामता प्रसाद साहू, मनोहर कुमार साहू, कुमारी रंजना सिन्हा, टुमेश्वरी पटेल, छबिलता पटेल, चितेश्वरी साहू लिलेश्वरी साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर भैया बहनों द्वारा गणित से संबंधित मॉडल, चार्ट, चित्रकला, रंगोली निर्माण कर ज्यामितीय आकृतियों एवं पहाड़ा गिनती को प्रदर्शित किया गया। हमारे जीवन में गणित का महत्व विषय पर बौद्धिक प्रमुख सुखीत राम कलिहारी ने विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन गणित प्रमुख कामता प्रसाद साहू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बाल भारती व शिशु भारती के पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा।

## मड़ियाकट्टा विद्यालय में मनाया गया मादक द्रव्य निषेध दिवस

**डौण्डीलोहारा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मड़ियाकट्टा में बैगलेस डे के अवसर पर मादक द्रव्य निषेध दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने मादक द्रव्य निषेध, मादक पदार्थों को समाप्त करने संबंधित कानूनों से बच्चों को अवगत करवाया।

मादक पदार्थों के सेवन से शारीरिक, मानसिक, सामाजिक दुष्प्रभाव व उसको रोकने के उपायों पर चर्चा की गई। मादक पदार्थ जैसे अफीम, सूंघने वाले पदार्थ शराब, सिगरेट, बीड़ी, तंबाकू, महुआ आदि सेवन से खतरों और उससे बचने के लिए जन जागरूकता अभियान के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर बच्चों द्वारा चित्रकला, पोस्टर, गीत, निबंध, स्लोगन, भाषण आदि का आयोजन किया गया। मादक पदार्थों के निषेध विषय पर बच्चों ने स्लोगन लिखकर प्रस्तुतिकरण दिया। प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर परसराम साहू, दीनदयाल अटल, सुनील कुमार अलेन्द्र, नारदराम भुआर्य उपस्थित रहे।






## धर्मपत्नी की स्मृति में कराया नेवता भोज



**अंडा।** पीएमश्री शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला सिरसिदा एवं नवीन प्राथमिक शाला सिरसिदा के सभी छात्र-छात्राओं को बल्दु राम चंद्राकर सेवानिवृत्त प्रधान आरक्षक ग्राम सिरसिदा निवासी ने अपनी धर्मपत्नी हेमलता चंद्राकर की पुण्य स्मृति में उनके जन्म दिवस के अवसर पर नेवता भोज कराया। नेवता भोजन के अंतर्गत सभी 200 बच्चों के लिए खीर पूरी एवं भोजन दिया गया। इस अवसर पर बल्दु राम चंद्राकर के साथ ही स्कूल शाला स्टाफ से धनेश्वरी साहू प्रधान पाठक, दशेन्द्र कुमार साहू, गीतिका देशमुख, चंदूलाल ठाकुर, लीना देवांगन प्रधान पाठक, महेंद्र कुमार साहू, हीरालाल साहू, मंगलीन ठाकुर, पुष्पा साहू, राकेश कुमार साहू उपस्थित थे।

## आरएसएस के प्राथमिक शिक्षा वर्ग में शामिल होंगे डोंडी के युवा



**डोंडी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्राथमिक शिक्षा वर्ग 2024 सरस्वती शिशु मंदिर हथौद (करहीभदर) में होगा। उक्त कार्यक्रम में डोंडी से श्याम सिंह दावरे, द्वेतेश्वर रावटे, युग कुमार भुआर्य, कुणाल साहू, विवेक आर्य शामिल होंगे।

इन युवाओं का डोंडी स्थित श्रीराम मंदिर में नव नियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपेश नायक, राष्ट्रीय स्वयं संघ डोंडी के ईश्वर चक्रधारी, शिवम दुबे, विहिप के प्रेम शुक्ला, ओम गोलछा, भाजपा के राम नारायण धनकर, हिंसा राम साहू ने स्वागत अभिनन्दन किया। हिन्दू धर्म रक्षा गौ रक्षा में अहम भूमिका निभाने वाले युवा शिवम दुबे ने कहा कि युवकों की मस्ती भरी टोलियां जिधर चलती हैं, उधर जमाना चलता है। युवकों की दिशा ठीक रहे तो देश का भाग्योदय संभव होता है। ऐसे ही ऊर्जावान युवा, छात्र, संघ का प्रशिक्षण प्राप्त कर राष्ट्र प्रेमी, नीतिमान और चरित्रवान बनें, इससे राष्ट्र शक्तिमान होगा। इसलिए युवाओं को प्रशिक्षण में भाग लेने की आवश्यकता है।

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

स्वामी जी 93406-38884
स्पेशल कोच से
15 फरवरी 2025
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
चलो प्रयागराज पवित्र महाकुंभ 2025
नोट-महाकुंभ 2025 के डिलक्स, प्रीमियम पैकेज के लिए संपर्क करें-7354411411
11 जनवरी से 16 जनवरी 2025,27 जनवरी से 01 फरवरी 2025, 01 फरवरी से 06 फरवरी 2025,10 फरवरी से 15 फरवरी 2025, 24 फरवरी से 01 मार्च 2025
शाही स्नान
13 जनवरी 2025 (पौष पूर्णिमा ), 14 जनवरी 2025 (मकर संक्रांति ), 29 जनवरी 2025 (मौनी अमावश्या), 03 फरवरी 2025 (बसंत पंचमी), 12 फरवरी 2025 (माघ पूर्णिमा), 26 फरवरी 2025 (महाशिवरात्रि)
नोट :-2/2 बस (50 सीटर)/ रेलवे टिकट, नाश्ता, रात्रि भोजन, रात्रि विश्राम (टेंट), गाइड
केवल प्रयागराज महाकुंभ 2025 सहयोग राशि- 6001/-
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411